



1/3
1/3
1/3
माया 1/3
1/6
बालक 1/6
1/3
लाली
1/12
सम्पूर्ण
1/18
1/18
1/18
1/18
1/18
1/18
A
B
C
1/18
1/72
1/72
1/72
1/18
1/36
1/36
1/12



माया 1/3
1/3
1/3
1/3
1/6
बालक 1/6
1/3
1/12
1/12
1/18
1/18
नाथू 1/18
मीठू 1/18
1/18
ला औलाद
1/18
1/18
गोद जाने
सम्पूर्ण
पप्पू
A B C
1/72 1/72 1/72
1/18
1/18
1/36 1/36
1/18

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.)

पीठासीन अधिकारी :– श्री दिनेश आचार्य आर.ए.एस.
प्रकरण संख्या :– 04/2026

तारीख दायर :–06.02.2026
तारीख फैसला :–.08.05.2026

1. श्री खाना उर्फ खानीराम पुत्र गोलिया उर्फ गोला मीणा निवासी चितावडी फला तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.)
2. श्री देवीलाल पुत्र गोलिया उर्फ गोला मीणा निवासी चितावडी फला तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.) ,
3. श्रीमती हकरी पत्नी स्व0माना मीणा निवासी चितावडी फला तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.) ,
4. श्री देलाराम पुत्र स्व0श्री माना मीणा निवासी चितावडी फला तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.) ,
5. श्रीमती केशरी पुत्री स्व0श्री माना मीणा निवासी चितावडी फला तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.) ,
6. श्रीमती सकुडी पुत्री स्व0श्री माना मीणा निवासी चितावडी फला तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.) ,
7. श्री गोपिलाल पुत्र स्व0श्री माना मीणा निवासी चितावडी फला तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.) ,

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी लसाडिया, जिला–सलुम्बर

प्रार्थीगण

**बनाम**

1 श्री उदयलाल पुत्र डालु मीणा निवासी गाडरीयावास ,तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.)
2 श्री पेमा पुत्र धर्मा मीणा निवासी लसाडिया जिला सलूम्बर।
3 श्री अनिल पुत्र रामेश्वरलाल त्रिवेदी निवासी कानोड जिला उदयपुर।
4 श्री मुकेश पुत्र रूपलाल मीणा निवासी लसाडिया जिला सलूम्बर।
5 श्री वरदीचन्द पुत्र मिठालाल चौधरी निवासी लसाडिया जिला सलूम्बर।
6 श्री अशोक राजपाल पुत्र गुरलदास सिन्धी निवासी लसाडिया जिला सलूम्बर। हाल निवासी कान्हा डिपार्टमेन्टल स्टोर मेनरोड सुन्दरवास उदयपुर (राज.)
7 श्री केलाश पुत्र वरदीचन्द चौधरी निवासी लसाडिया जिला सलूम्बर। एवं झरनो की सराय, बेडवास, उदयपुर।
8. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार साहब लसाडिया जिला सलूम्बर।

..................अप्रार्थीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल. आर. एक्ट.

उपस्थिति – वादी की ओर से – अधिवक्ता श्री मुकेश चौबिसा
प्रतिवादी की ओर से –. अनुपस्थित

## :–निर्णय–:

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी के खातेदारी एवं कब्जे काश्त के खाता संख्या नया 160 पुराना 140 के आराजी संख्या 2698 रकबा 0.1296 हैक्टेयर, आराजी संख्या 2698/2 रकबा 0.0216 हैक्टेयर, किता 02 कुल रकबा 0.

उपखण्ड अधिकारी
लसाडिया जिला सलुम्बर (रा)

1512 हैक्टेयर, भूमि राजस्व ग्राम लसाडिया पटवार हल्का लसाउिया भू.अ. निरीक्षक क्षैत्र लसाडिया तहसील लसाडिया जिला सलुम्बर में स्थित है। जो प्रार्थी के खाते एवं कब्जे काश्त की है, जिस पर प्रार्थी ने अपनी सीमा जानकारी अप्रार्थीगण की मौजुदगी में करा रखी है, फिर भी विपक्षीगण ,प्रार्थी की सीमा के बारे में आये दिन झगडा करते रहते है व प्रार्थी व अप्रार्थीगण के खातेदारी सीमा आपस में मिली हुई है, इसलिये अप्रार्थीगण जबरदस्ती प्रार्थी की सीमाओं में घुसकर अतिक्रमण करने पर उतारू है, इसलिये उक्त आराजी भूमि पर अप्रार्थीगण व प्रार्थी के मध्य पत्थरगढी कराई जाकर डिमारकेशन कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है। अप्रार्थीगण लडाई झगडा करने पर आमादा है व प्रार्थी के उक्त भूमि पर शांतिपूर्वक काश्त करने में बाधा उत्पन्न करते है। इसलिये पत्थरगढी कराया जाना नितान्त आवश्यक है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर ग्राम लसाडिया ,ग्राम पंचायत लसाडिया पटवार हल्का लसाडिया के खाता संख्या नया 160 पुराना 140 के आराजी संख्या 2698 रकबा 0.1296 हैक्टेयर, आराजी संख्या 2698/2 रकबा 0.0216 हैक्टेयर, किता 02 कुल रकबा 0.1512 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढी माननीय तहसीलदार साहब लसाडिया के मार्फत कराई जाकर नक्शे में उसका डिमारकेशनं कराये जाने के आदेश प्रदान करावें।

प्रकरण पेश होने पर बाद जांच दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी (तहसीलदार) को जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना पत्र के तलब किये गये। प्रकरण में तहसीलदार लसाडिया का जवाब तलब किया। **तहसीलदार लसाडिया की रिपोर्ट अनुसार,ग्राम पंचायत लसाडिया पटवार हल्का लसाडिया के खाता संख्या नया 160 पुराना 140 के आराजी संख्या 2698 रकबा 0.1296 हैक्टेयर, आराजी संख्या 2698/2 रकबा 0.0216 हैक्टेयर, किता 02 कुल रकबा 0.1512 हैक्टेयर भूमि सघन आबादी क्षैत्र व सामलाती खाता होने से सीमाज्ञान संभव नही है।** उक्त आराजी तहसीलदार लसाडिया द्वारा पेश जवाब में मौके पर सिमा विवाद होने के कारण पत्थरगढी करने के आदेश होने पर आपत्ति जाहिर की गई । तत्पश्चात् प्रकरण में विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण की की बहस सुनी गई । विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में वही कथन कहे है जो अपने प्रार्थना पत्र में अंकित किये है।

हमनें विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी की की बहस पर मनन , पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज का ध्यान पूर्वक अध्ययन एवं अवलोकन किया । पत्रावली पर उपलब्ध जमाबन्दी के अवलोकन से वादग्रस्त आराजी के प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार है। **खाता संख्या नया 160 पुराना 140 के आराजी संख्या 2698 रकबा 0.1296 हैक्टेयर, आराजी संख्या 2698/2 रकबा 0.0216 हैक्टेयर, किता 02 कुल रकबा 0.1512 हैक्टेयर भूमि सघन आबादी क्षैत्र व सामलाती खाता होने से सीमाज्ञान नही हो सका लेकिन अन्य आराजीयात पर मौके पर सीमाज्ञान करवाया गया** । उक्त तथ्यों के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अस्वीकार किये जाने योग्य प्रतीत होता है।अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र साबित नही पाये जाने से अस्वीकार किया जाता है राजस्व ग्राम लसाडिया पटवार क्षेत्र लसाडिया भू.अ.निरीक्षक क्षैत्र लसाडिया की जमाबन्दी सम्वत् 2075–78 के खाता संख्या नया 160 पुराना 140 के आराजी संख्या 2698 रकबा 0.1296 हैक्टेयर, आराजी संख्या 2698/2 रकबा 0.0216 हैक्टेयर, किता 02 कुल रकबा 0.1512 हैक्टेयर भूमि **सघन आबादी क्षैत्र व सामलाती खाता होने से** की मौके स्थल पर पत्थरगढी किया जाना संभव नही है पत्रावली निर्णित होकर संख्या से कम हों ।

निर्णय आज दिनांक 08.05.2026 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

( दिनेश आचार्य RAS)
उपखण्ड अधिकारी
लसाडिया जिला सलुम्बर (राज.)

उपखण्ड अधिकारी
लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)